आवास बन्धु
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उ0प्र0शासन

प्रथम तल, जनपथ मार्केट, लखनऊ
दूरभाषः : 0522–4070570
E-mail: awasbandhu@gmail.com
website:http://www.awasbandhu.in

संख्याः 702 /आ0ब0–1/निदेशक/2023–24 दिनांक 26 फरवरी, 2024

प्रेषक,

निदेशक,
आवास बन्धु,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
104, महात्मा गांधी मार्ग,
लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उ0प्र0।

विषयः अनिस्तारित सम्पत्तियों के निस्तारण के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0 124/आठ–1–2024/952/2023 दिनांक 10.02.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा यह अवगत कराया गया है कि अनिस्तारित सम्पत्तियों के निस्तारण के सम्बन्ध में कार्यवृत्त दिनांक 11.12.2023 के बिन्दु 3(1) एवं 3(2) से सम्बन्धित विषय वस्तु पर विचार विमर्श एवं अद्यतन प्रगति की समीक्षा किये जाने हेतु अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में **प्रत्येक सोमवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे से** वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक निर्धारित की गयी है। शासन के उक्त पत्र द्वारा उक्त बैठक से पूर्व वांछित सूचना निर्धारित प्रारूप पर आवास बन्धु को उपलब्ध कराते हुए उक्त बैठक में प्रतिभाग किये जाने की भी अपेक्षा की गयी है।

2. प्रश्नगत प्रकरण में कृपया अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिनांक 26.02.2024 को हुई बैठक का संज्ञान लेने का कष्ट करें। तद्क्रम में आपसे अनुरोध है कि कृपया सप्ताह में निस्तारित की गई सम्पत्तियों का उल्लेख करते हुए, संलग्न **नवीन प्रारूप** पर साप्ताहिक प्रगति की सूचना **प्रत्येक शुक्रवार को अनिवार्यतः अपरान्ह 05:00 बजे तक** उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में प्रत्येक सोमवार को आहूत साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अद्यतन समेकित विवरण प्रस्तुत किया जा सके।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,
26.02.2024
(रवि जैन)
निदेशक

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. अनु सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन लखनऊ।

(रवि जैन)
निदेशक

प्रारूप

अनिस्तारित सम्पत्तियों का विवरण

अभिकरण का नाम : .... **रिपोर्टिंग तिथि : ....**

रू0 लाख में

क्र0 सं0	सम्पत्तियों की श्रेणी	दिनांक 31.01.2024 को अवशेष अनिस्तारित सम्पत्तियों की संख्या व मूल्य								विगत सप्ताह तक निस्तारित सम्पत्तियों की संख्या व मूल्य								अद्यतन अवशेष अनिस्तारित सम्पत्तियों की संख्या व मूल्य							
		फ्लैट		भवन		भूखण्ड		अन्य प्रकार की सम्पत्ति		फ्लैट		भवन		भूखण्ड		अन्य प्रकार की सम्पत्ति		फ्लैट		भवन		भूखण्ड		अन्य प्रकार की सम्पत्ति	
		संख्या	मूल्य	संख्या	मूल्य	संख्या	मूल्य	संख्या	मूल्य	संख्या	मूल्य	संख्या	मूल्य	संख्या	मूल्य	संख्या	मूल्य	संख्या	मूल्य	संख्या	मूल्य	संख्या	मूल्य	संख्या	मूल्य
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26
1	ऐसी सम्पत्तियां जिनमें निर्माण एवं विकास कार्य पूर्ण है तथा जिन्हें जैसे है, जहां है, के आधार पर निस्तारित किया जा सकता है।																								
2	ऐसी सम्पत्तियां जहां स्थल पर रिफर्बिसिंग /रेट्रोफिटिंग की आवश्यकता है।																								
3	ऐसी सम्पत्तियां जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं/ जिनका निस्तारण मूल स्वरूप में संभव नहीं हो, उन्हें ध्वस्त किये जाने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं बचता है।																								